## खबर संक्षेप

### ब्रह्माकुमारीज मंडला के द्वारा आज किया जायेगा नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ

**मण्डला।** आज 25 जनवरी 2024, गुरुवार को सुबह 10 बजे से नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ ब्रह्माकुमारीज मण्डला द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके मुख्य अतिथि के तौर में उपस्थित रहेगी। इसके साथ-साथ अन्य विशिष्ट अतिथिगण भी इस कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज मार्ग, बस स्टैंड के पीछे, विश्व शांति भवन में किया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत मंडला जिले में विभिन्न स्थानों, गांव, आदि जगहों में नशा मुक्ति के कार्यक्रम किए जायेंगे। आप सभी इस कार्यक्रम में आप अपने ईष्ट मित्रों, परिवार सहित सादर आमंत्रित हैं।

### सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें तथा रिसोर्ट बार बंद रखने के निर्देश

**मण्डला।** प्र. जिला आबकारी अधिकारी ने 26 जनवरी 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया है। इस अवसर पर जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें तथा रिसोर्ट बार बन्द रखने के निर्देश दिए हैं। 26 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को घोषित शुष्क दिवस पर जिले में अवैध रूप से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, विनिर्माण, संग्रहण, कब्जा, विक्रय इत्यादि प्रतिबंधित रहेंगे।

### जितेन्द्र को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मण्डला।** ग्राम खैरी नारायणगंज निवासी धर्मेन्द्र सिंगरौरे की 20 जुलाई 2022 को पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंडला द्वारा मृतक के निकटतम वारसान के रूप में भाई जितेन्द्र सिंगरौरे को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

## महाराजपुर संगम, रंगरेज घाट सहित कुम्भेश्वर घाट में होता प्रवास

# सर्दियों में होती प्रवासी मेहमानों की आमद

*** अनुकूल परिस्थिति पाकर बढ़ रही संख्या।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रतिवर्ष संगम घाट और कुम्भेश्वर घाट समेत अन्य स्थानों में इन प्रवासी पक्षियों का ठिकाना होता है। यहां बड़ी संख्या में अलग-अलग प्रजाति के प्रवासी पक्षी अपनी आमद देते है। संगम घाट और कुम्भेश्वर घाट और घाघा, घाटी घाट में ये प्रवासी पक्षी आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। वहीं संगम और कुम्भेश्वर घाट पर इन पक्षियों को देखने जहां स्थानीय समेत अन्य पक्षी प्रेमी भी पहुंच रहे हैं, वहीं कुछ उनके लिए दाना लेकर भी जाते हैं। जिससे इन मेहमानों की मेहमान नाबाजी की जा सके।

नर्मदा नदी के संगम घाट और कुम्भेश्वर घाट में पक्षियों की अटखेलियों को देखने के लिए जहां बहुत लोग पहुंचते हैं वहीं कुछ ऐसे भी हैं जो भोजन के रूप में उन्हें कुछ खाने के सामान यहां डालते हैं। विशेषज्ञों की माने तो ये इन पक्षियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है। पक्षियों का प्राकृतिक भोजन वे स्वयं ढूंढ लेते हैं वह पानी या इसके आसपास कीड़े मकोड़े के रूप में होता है। लेकिन यहां आने वाले लोग नर्मदा घाट में पॉलीथिन, थर्माकोल समेत अन्य खाद सामग्री डाल देते हैं इससे न केवल प्रदूषण का खतरा है बल्कि इन पक्षियों के लिए भी ये खतरे का सबब बन सकता है।

### जिले में रहता है करीब पांच महिने का प्रवास



जिला मुख्यालय के नर्मदा और बंजर के संगम में विगत कई वर्षो से प्रवासी पक्षियों का डेरा है। सर्दियों की दस्तक के साथ मंडला के संगम और नारायणगंज के कुम्भेश्वर घाट में हर साल बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी अक्टूबर से फरवरी तक आते हैं। अत्यधिक ठंड के कारण साइबेरियाई पक्षी हिमालय की ऊंचाई को पार कर मध्यप्रदेश और भारत के अन्य इलाको में पहुंचते हैं। जिसमें मंडला जिला भी शामिल है। ये अक्टूबर से दिसंबर तक हजारों प्रवासी पक्षी जिले में आते हैं और उनमें से अधिकांश अत्यधिक ठंड के कारण मीलो दूर से प्रजनन, उपयुक्त आवास, भोजन की तलाश में आते हैं। ये पक्षी मंडला के संगम घाट और कुम्भेश्वर घाट समेत अन्य नर्मदा के घाटों में लगभग पांच महीने तक रहते हैं। चार से पांच महीने के बाद वे अपने मूल स्थान में लौट जाते हैं।

### इनका कहना है:-

*ज्यादातर साइबेरियन पक्षी की प्रजाति भारत आती है, क्योकि साइबेरिया का औसतन तापमान 20 डिग्री रहता है, और ये पक्षी ठंडे खून वाले होते है, ऐसे में तेज ठंड से बचने के लिए, भोजन की तालाश व प्रजनन के लिए ये पक्षी हर साल करीब सात हजार किमी का सफर तय करते है। इन पक्षियों का प्रवास मंडला जिले में करीब चार माह रहता है। नारयणगंज के कुम्हा घाट में इन पक्षियों के कारण पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है।*

***-प्रमीला पुष्कर, नारायणगंज ,***

*प्रवासी पक्षी साइबेरियन करीब चार माह के लिए आते हैं और अपना अनुकूल रहवास पाकर वे अपनी जनसंख्या में वृद्धि करते हैं और वह पुनः वापस हो जाते हैं। जिले के कान्हा पार्क, संगम घाट, नारायणगंज के कुम्हा घाट, घाघा, घाटी घाट समेत अन्य क्षेत्रों में प्रवासी पक्षी करीब चार माह के लिए अपना रहवास बनाते है। जिले में आने वाले कुछ प्रवासी पक्षियों में कॉमन टील, टील रोजी, पेलिकन एशियाई कोयल भी शामिल है।*

***-राजेश क्षत्री, ईको क्लब, प्रभारी,मंडला***

*देशी परिंदों के साथ विदेशी परिंदों ने जिले की खूबसूरती पर चार चाँद लगा दिए है, ठण्ड के मौसम में अलग अलग प्रजाति के विदेशी मेंहमानों ने संगम घाट और कुम्भेश्वर घाट की रौनक बढ़ा दी है। प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा के लिए वन अधिकारियों के साथ युवा और आम नागरिक को इनके संरक्षण के लिए विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।*

***-सत्यसोभनदास, एफईएस, टीम लीडर***

*मंडला जिले के संगम घाट और अन्य स्थानों में प्रवासी पक्षियों को देखने के बहुत से स्थान है। इन क्षेत्रों में पक्षियों को सुरक्षित माहौल देने के साथ इन स्थानों को पॉलीथिन मुक्त करना भी जरूरी है। इन स्थानों पर बर्ड फेस्टिबल का भी आयोजन करना चाहिए, जिससे बच्चे और युवा में इन पक्षियों को बचाने में संवेदनशील हो।*

***-संध्या यादव, पक्षी प्रेमी,***

## श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर परशुराम मंदिर में मनाया गया दीपोत्सव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सोमवार को सिंहवाहिनी वार्ड स्थित परशुराम मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। जिसके बाद बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने यहां दीप जलाकर भगवान श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया। माहिष्मति सर्व ब्राम्हण सभा के अध्यक्ष आकाश दीक्षित ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश भर में दीपावली जैसा उत्सव मनाया गया है। ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान परशुराम मंदिर में इस अवसर पर भव्य दीपोत्सव मनाया गया। मंदिर के पुजारी पं. संतोष शुक्ला ने भगवान परशुराम का पूजन-अर्चन किया गया। पूजन, आरती, प्रसाद वितरण और दीप जलाकर एक-दूसरे को भगवान श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी गई।


### जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण समिति ने जताया आभार



**मण्डला।** 22 जनवरी को 3008 भक्तिमय सुंदरकांड के सफल आयोजन के लिए जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण समिति के सभी सदस्यों ने भीष्म द्विवेदी का अभिवादन कर उन्हें बधाई दी यव यह भी सुझाव दिया की इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आपके नेतृत्व मैं होना चाहिए। इस दौरान मनीष दुबे, राजेश जोशी, संदीप सुरजुसे, ललित सोनी, आनन्द तिवारी, हिमांशु सोनी, कमलेश सोनी, विज्जु बैरागी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थिति थे।

## 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की फाईनल रिहर्सल सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





26 जनवरी को पुलिस लाईन ग्राऊंड में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों की फाईनल रिहर्सल कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। गणतंत्र दिवस समारोह की फाईनल रिहर्सल में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली गई। इस मौके पर मध्यप्रदेश गान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया गया। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मुख्य समारोह के आयोजन के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियों को समयपूर्व एवं गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह एवं हुनेन्द्र घोरमारे सहित आयोजन से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**संकल्प** | **हितग्राहियों को लाभान्वित करने गांव घर तक पहुंच रही सरकार-अक्षय जैन।**

# विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिलाई शपथ






*** विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का अवसर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा 24 जनवरी 2024 को मंडला विकासखंड के ग्राम सागर पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के प्रतिनिधि अक्षय जैन (आईआरएस), जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसीईओ जिला पंचायत क्षमा सराफ, एसडीएम सोनल सिडाम सहित अन्य अधिकारी, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए अक्षय जैन ने कहा कि स्वतंत्र भारत में यह प्रथम अवसर है जब कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को पात्रतानुसार लाभान्वित करने के लिए शासन, प्रशासन के रूप में सरकार उनके गांव-घर तक पहुंच रही है। प्रत्येक व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संचालित किए गए इस अभियान के बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं, जो लोग अब भी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं वे विभागीय अमले से संपर्क कर योजनाओं से जुड़कर स्वयं लाभ उठाएं और अन्य लोगों को भी लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के प्रावधान तथा लाभ के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। श्री जैन ने अपने संबोधन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मंडला जिले में किए गए प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि यात्रा के रूप में विकास की मुख्य धारा से जुड़ने का बेहतर अवसर है। विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का विकास जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, खाद्यान्न वितरण, मुफ्त शिक्षा, किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य योजनाओं का उल्लेख करते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा को सरकार का क्रांतिकारी अभियान बताया। सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा ने कहा कि सरकार हर वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। उन्होंने यात्रा के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आमजन से शासन की योजनाओं से पात्रतानुसार लाभ उठाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव भी साझा किए गए। मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही ग्रामीणजनों की सिकलसेल एनीमिया की जांच तथा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर दवाईयां वितरित की गई।

## युवा पखवाड़े के निम्मत अभाविप नैनपुर ने किया सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर




ज्ञात हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी छात्र संगठन है। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन होने का गौरव अभाविप को प्राप्त है। छात्रों के बीच आ रही हर समस्या व समय समय पर समाज में हो रही अनियमितता को संज्ञान में लेकर उसका समाधान ढूंढने में अभाविप सर्वोत्तम छात्र संगठन है। विद्यार्थी परिषद के अनेक आयाम व गतिविधियां भी है जिसके माध्यम से हर क्षेत्र में अभाविप कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय कला मंच द्वारा विगत वर्ष जिला स्तरीय प्रतिभा उद्गम व12 जनवरी 2024 राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित युवा पखवाड़े के निम्मत हुए विभिन्न प्रतियोगिता जैसे हस्तकला, चित्रकला, रंगोली, निबंध एवं अन्य विधाओ का परिणाम घोषित व सम्मान समारोह कार्यक्रम आज दिनांक 24 जनवरी को शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री नितीन ठाकुर जी पार्षद वार्ड क्र. 05, दामोदर झारिया जनभागीदारी अध्यक्ष शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर, अजय नवेरिया जनभागीदारी सदस्य शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर उपस्थित रहे एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण (छोटे) ठाकुर, राष्ट्रीय कला मंच जिला प्रमुख पूनम सुर्यवंशी, नगर मंत्री अंजली साहू, नगर सहमंत्री भूमिका पेटेश्वर, नगर कार्यालय मंत्री सुजल ठाकुर, महाविद्यालय अध्यक्ष करीना तेकाम, महाविद्यालय उपाध्यक्ष पूनम जंघेला, मनु ठाकुर, रविन्द्र यादव आदि सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाताधारकों की रकम पर सेंधमारी करने वाले को हुई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास




अपर सत्र न्यायाधीश ने नर्मदा ग्रामीण बैंक में एक करोड़ 29 लाख 605 रूपए के गबन करने वाले कैशियर संजय उपाध्याय को दस वर्ष की सजा और 25 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है जबकि अन्य चार आरोपियों को बरी कर दिया है। वर्ष 2011 में उक्त प्रकरण ने मण्डला जिले में सनसनी मचा दी थी जिसमें बैंक के खाताधारकों के खातों से उनकी जमा पूंजी गायब हो गई थी।

### सतपुड़ा ग्रामीण बैंक बबलिया में हुआ था गबन

वर्ष 2011 में बवलिया में नर्मदा ग्रामीण बैंक के खाताधारकों ने जमकर हंगामा मचाया था कि उनके खातों से राशी गायब हो गई है उसके बाद बवलिया शाखा के भूपेन्द्र कुमार सहित 78 खाताधारकों ने लिखित शिकायत क्षैत्रिय प्रबंधक मंडला में किया था इन खाताधारकों के खातों से 1 करोड 26 लाख के लगभग की राशी निकाली गई थी सहायक जिला लोक योजन अधिकारी उज्वला उईके ने बताया कि प्रभावित खाताधारकों के खातों की जांच की गई जांच में और भी चौंकाने वाले तथ्य उभरकर आये कि बैंक के 78 खाताधारकों के अलावा भी 23 अन्य खाताधारकों के खातों से राशी निकाली गई है, कुल 101 खाताधारकों के खातों से 1 करोड 29लाख 605 रूपये निकाला जाना पाया गया जिसमें वाटर शेड, ग्राम पंचायत, के खाते भी थे जिसके बाद पुलिस थाना में लिखित शिकायत की गई कैशियर संजय उपाध्याय सहित चार अन्य लोगों पर 420, 409, 467, 468, 471 धारा के तहत मामला दर्ज किया गया जांच के उपरांत चालान को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

अपर सत्र न्यायालय में आए साक्ष्यों के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार लढिया ने मंगलवार को उक्त मामले में फैसला सुनाया जिसमें आरोपी संजय उपाध्याय को दोषी पाते हुए दस वर्ष की सजा और पच्चीस हजार का अर्थ दण्ड लगाया वहीं चार अन्य आरोपीयों को मामले में बरी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जर्जर अवस्था में पहुंचा पशु चिकित्सालय

**चीचली।** स्थानीय ब्लाक में स्थापित पशु अस्पताल जर्जर अवस्था में पहुंच गया है, वही दूसरी ओर इसकी सुध किसी भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने नहीं ली है, जिसके चलते देखा जाता है कि हर साल जब बारिश का मौसम आता है तो यहां के अस्पताल के छप्पर से पानी टपकता है और पशु चिकित्सक समेत यहां उपचार कराने आए पशु पालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, साथ ही पानी बरसने पर औषधालय में रखी दवाएं भी खराब हो जाती हैं। यदि सही मायाने में देखा जावे तो इस समय अस्पताल की हालत बेहद दयनीय हो गई है, जिसे देखते हुए लोगों ने शासन प्रशासन से नवीन भवन की मांग की है, ताकि नए भवन में सही तरीके से पशुओं का उपचार हो सके एवं उन्नत तकनीकों का लाभ मिलने के साथ परेशानी भी समाप्त हो सके।

### खुले पड़े हुये ट्रांसफार्मरों की ओर नहीं दे रही बिजली विभाग ध्यान

**गाडरवारा।** चाहे विद्युत उपभोक्ताओं को भारी राशि के विद्युत बिल करंट मारे और झूलतें बिजली के तारों में फंसकर बंदरों और पक्षियों की मौत हो जाए, लेकिन हकीकत यह है कि डी. पी. एवं विद्युत तारों के रखरखाव के मामले में विद्युत विभाग के कर्मचारी घोर लापरवाही का परिचय देते हुए आमजनों की अलोचना का शिकार हो रहे है? नगरवासियों का कहना है कि शहर की घनी बसाहट वाले कुछ इलाके ऐसे है जहां लगे विद्युत खम्भों के तार अस्त व्यस्त होकर घरों की छतों और दीवारो पर झूल आए है। ऐसी स्थिति में जरा सी बारिश में लोगों के बने हुये कच्चे घरों में निवास करने वालों की जान सांसत मे पड़ने का खतरा मंडराता रहता है? वही नगर के सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे पुराने ट्रांसफार्मर नजर आ रहे है, जिनके गेट गायब है, कटआउट खुले है और उन पर चढ़ी जंग इशारा कर रही है कि डीपीयों की दशा को सुधारने के सम्बंध में विद्युत विभाग बेसुध है, जो खुलेआम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने की ओर संकेत देते हुये जान पड़ने से नही चूक पा रही है, मगर इसके बाद भी संबंधित विभाग इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही देने से यह जान पड़ रहा है कि शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा हो।

### शासकीय भवनो की दुर्दशा से हैरत का माहौल

**सांईखेड़ा।** देश भर में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, किंतु हकीकत यह है कि इन दिनों शहर की स्वच्छता का मामला खतरे में पड़ा हुआ जान पड़ रहा है? यदि गौर किया जावे तो शासन के निर्देशानुसार शासकीय शालाओं की पुताई, मरम्मत की जानी थी, उसकी तरफ शिक्षा विभाग के जिम्मेदारो ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है साथ ही नगर में जो शासकीय भवन है उनके आस-पास गंदगी व्याप्त होने से लग रहा है कि शायद स्वच्छता अभियान शायद प्रशासन द्वारा पूरे प्लान से नही चलाया जा रहा है? विदित हो कि शासकीय भवनों के ईर्द गिर्द फैली गंदगी से नगर में हैरत का माहौल देखने में आ रहा है, जागरूक नागरिको का कहना है कि जो प्रशासन शासकीय भवनो की शोभा नही बढा पा रहा है, उससे समूचे नगर का स्वच्छ बनाने की उम्मीद कैसे की जा सकती है, उल्लेखनीय है कि वर्तमान में नगर के प्रमुख माने जाने वाले तालाब, जनपद कार्यालय क्षेत्र, तहसीलदार कार्यालय भवन के पास अधिकतर शासकीय शालाओं के भवनो के परिसरो में बिखरी गंदगी स्वच्छता अभियान की पोल खोल रही है और लोगों का मानना है कि चल रहे बारिश का मौसम इन भवनो को गंदगीमुक्त नही किए गए तो नगर में बीमारी फैलने से कोई नही रोक सकता है।

### शहर के अंदर झलकते हुये जाम तो सड़कों पर वाहनों का लग रहे जाम से परेशान हो रहे लोग

# जाम शहर के नाम से प्रसिद्व हो रहा गाडरवारा क्षेत्र का नाम






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जिस प्रकार से गाडरवारा शहर ने सारी दुनिया में अपने शांति प्रिय स्वभाव को लेकर प्रसिद्व बनाई गई थी मगर अब उसे ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि क्षेत्र में जिस प्रकार से आये दिन नई नई घटनाये जन्म लेने से जहां बाहर के लोग इस शहर में आने से बिचार करते हुये देखे जाने लगे है तो दूसरी ओर क्षेत्र की सड़को से निकलने वाले लोग गाडरवारा क्षेत्र की चर्चा करते हुये देखे जाने लगे है। यदि गाडरवारा क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय हमारा क्षेत्र जाम की प्रसिद्वी को लेकर संपूर्ण प्रदेश से लेकर अन्य प्रदेशों में भी जाने जाना लगा है। क्योंकि शहर के अंदर जहां तहां छलकते हुये जामों का हाल इस प्रकार से देखने मिल रहा है कि रात के समय शराब खोरी करने के बाद सड़को पर होने वाली मटर गस्ती की सच्चाई किसी से छिपी नही है और बाइकर्सो की धमाचौकड़ी के कारण सभ्य लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है तो दूसरी नगर के अंदर से लेकर क्षेत्र की सड़को पर वाहनों का लगने वाला जाम निश्चित ही गाडरवारा का दूर दूर तक रोशन कर रहा है नाम? वैसे भी देखा जावे तो क्षेत्र की सड़को पर निकल रहे गड्डो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि ग्राम कामती व शहर के शांतिदूत तिरहा के पास बने हुये गड्डे जहां अपने कई जन्म दिन मना चुके है तो दूसरी ओर शक्कर नदी पुल के निकलते हुये गड्डे निश्चित तौर से बर्ल्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने की ओर अग्रसर होते हुये चला जा रहे है? क्योंकि यहां पर निकले हुये गड्डो का हाल इस तरह बन चुका है कि वह धीरे धीरे शक्कर नदी के पुल के नीचे की जमीन को खोखला करता चला जा रहे है और खोखली हो रही पुल के समीप की जमीन की दहशत के चलते यहां से निकलने वाले वाहन चालकों द्वारा अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये एक साईड से वाहन निकालने के लिये मजबूर हो रहे है। इस स्थिति में पुल के ऊपर जाम की स्थिति आये दिन बनने से नही चूक पा रही है। पुल पर जाम लगने के कारण जहां आमजन से लेकर स्कूल कालेज जाने वाले छात्र छात्राओं को भी अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार का हाल समीपस्थ ग्राम कौड़िया के पास देखने मिल रहा है जहां पर ग्राम के अंदर फैले हुये अतिक्रमण के कारण यहां पर दिन में अनेकों बार जाम की स्थिति पैदा होने के कारण लोग अपने वाहनों सहित घंटो तक इस जाम में फंसे हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है? कुछ इसी तरह का हाल नगर से चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर दिखाई देने से नही चूक रहा है। क्योंकि इस मार्ग पर पड़ने वाला रेल्वे फाटक कभी कभी घंटो तक बंद रहने की स्थिति में बडे वाहन यहां पर फंस जाते है जिन्हें निकलने के फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। वही दूसरी ओर गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाले मार्ग पर भी सालीचौका पौड़ार तिरहा के समीप आये दिन लगने वाला जाम क्षेत्र के लोगों को परेशानी का कारण बन चुका है। वही दूसरी ओर दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा का हाल तो सबसे खतरनाक बना हुआ है जहां पर मुख्य मार्ग पर लगने वाले बाजार के कारण आमजन की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही बच पा रही है। इस तरह गाडरवारा क्षेत्र में चारों ओर लगने वाले जमों के बीच फंसी हुई गाडरवारा शहर की प्रसिद्वि निश्चित तोर से दूर दूर तक फैलने से नही चूक पा रही है। इस तरह सही मायने में देखा जावे तो गाडरवारा शहर चारो ओर से घिर चुका है। इस तरह जाम के बीच फंसे हुये इस शहर व क्षेत्र में भयानक स्थिति उस समय निर्मित हो जाते है जब किसी व्यक्ति की किसी कारण बस जिन्दगी खतरे में पड़े हुई हो और उसे इलाज हेतु बाहर ले जाने की नौबत पड़ जावे तो उसकी जिन्दगी पूर्णरूप से भगवान भरोसे होने से नही चूक पाती है? क्योंकि गाडरवारा से जिला मुख्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर जहां शक्कर नदी पुल व कौड़ियि में लगने वाला जाम नासूर बन चुका है? वही दूसरी ओर यदि कोई व्यक्ति गाडरवारा से होशंगाबाद की ओर जाने की सोच रखता है तो उसे इस मार्ग पर सड़क से अधिक ऊचाई वाली रोड़ यानि की सड़क शोल्डर तो खतरा पैदा कर ही रहे है साथ ही साथ जहां पर गन्ना सीजन में लगने वाला जाम अपने घर से निकलने के पहले अनेकोबार सोचने के लिये मजबूर कर देता है? इसके आलवा नगर से चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर रेलवे गेट की स्थिति निश्चित तौर से क्षेत्रवासियों के लिये खतरे की घंटी बजाने से नही चूक पा रही है? यह बात अलग है कि जब चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर रेल्वे गेट के पास ओबर ब्रिज की स्वीकृति हुई थी तो लोगों ने सोचा था कि अब गेट से मुक्ति मिल जावेगी। मगर इस ब्रिज का निर्माण जिस गति व गुडवत्ता से चल रहा है उससे यह उम्मीद नही की जा सकती है कि शहर के लोगों को शीघ्रता से इसका लाभ मिल पायेगा? इस तरह से शहर के अंदर शाम होते हुये छलकने वाले जामों से लेकर सड़को पर वाहनों का लगने वाला जाम निश्चित ही इस शहर को दूर दूर तक प्रसिद्व करते हुये दिखाई देने लगा है। क्योंकि गाडरवारा से नरसिंहपुर व गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाला मार्ग जहां राष्ट्रीय स्तर का मार्ग होने के कारण इस मार्ग से सिर्फ क्षेत्रवासियों का आना जाना ही नही होता है बल्कि लम्बी दूरी के वाहनों का निकलना भी होता है। मगर इस मार्ग पर अनेक जगहो पर बनने वाली जाम की स्थिति के चलते जब बाहर के लोग फंसकर परेशान होते हुये देखे जाते है तो निश्चित तौर से वह अपने शहर में गाडरवारा की चर्चा करने से नही चूकते होगे और जब कोई व्यक्ति यहां पर परेशानी का सामना करके निकलेगा तो फिर वह क्या चर्चा करेगा इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है? इस तरह क्षेत्र की सड़को की बदहाल हो रही स्थिति व सड़को पर लगने वाला जाम निश्चित ही नगर की प्रसिद्वी को जहां ग्रहण लगाते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान न देना इस बात का संकेत देते हुये देखा जा रहा है कि क्षेत्र में किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने के बाद ही अधिकारियों की कुंभकर्णी निंद्रा भंग हो पायेगी।

**प्रशासन की अनदेखी पड़ रही भारी, किसी दिन बड़ी घटना के रूप से सामने आवेगी अधिकारियों की उदासीनता की सच्चाई ...?**

## शासकीय तालाब पर लगातार हो रहे अतिक्रमण के चलते पौने दो एकड़ का तालाब तब्दील होकर रह गया एक हरैया में



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जिस प्रकार से बीते हुये लगभग तीन वर्ष पहले शासन द्वारा प्रदेश के समस्त जिला कलेक्टरों को आदेश जारी किये गये थें कि वह अपने अपने जिलों की सीमा के अंदर पड़ी हुई शासकीय भूमियों का सर्वे कराये और कितनी भूमि अतिक्रमण की चपेट में है उसे उसे अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्यवाही की जावे। इस आदेश के चलते गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भी हल्का पटवारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र की शासकीय भूमि पर हुये अतिक्रमण का सर्वे करते हुये उस पर हुये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवही का अंजाम दिया गया था। मगर लगता है कि म.प्र. शासन द्वारा दिये गये उस आदेश को लेकर शायद अधिकारियों द्वारा कोई गंभीरता नही बरती गई होगी जिसका परिणाम इस प्रकार से देखने मिल रहा है कि आज भी जहां तहां शासकीय भूमि अतिक्रमण की भेंट चड़ी हुई आसानी से देखने मिल रही है? इस प्रकार से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो उसका इससे बड़ा उदाहरण शायद ही अन्य कही देखने मिल सकता है, जिसको लेकर बताया जाता है कि जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देवरी मिढ़वानी का शासकीय तालाब शासकीय रिकार्ड के अनुसार तो लगभग पौने दो एकड़ का बताया जाता है। मगर मौके पर इस तालाब की सच्चाई मात्र एक हरैया के रूप में दिखाई देने से नही चूक पा रही है? क्योंकि इस तालाब पर जहां ग्राम के ही कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी का खनन कराते हुये लाखों रूपया की मिट्टी विक्रय करते हुये तालाब को मौत का कुंआ बनाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है? वही दूसरी ओर तालाब के चारो ओर अधिक्रमणकारियों के फैले हुये जाल के चलते स्थिति इस प्रकार से बन चुकी है कि यह शासकीय बड़ा तालाब एक तलैया के रूप में दिखाई देने लगा है? जबकि इस तालाब पर फैले हुये अतिक्रमण से लेकर उसके अंदर किये जाने वाले मिट्टी के अवैध खनन की सच्चाई को हरिभूमि द्वारा आये दिन उजागर किया जाता रहा है। मगर इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि अब ग्राम पंचायत देवरी मिढ़वानी का तालाब अपने आस्तित्व को बचाने के लिये जूझते हुये देखा जाने लगा है? वही दूसरी ओर इस तालाब को लेकर जिला कलेक्टर द्वारा दिये गये गये निर्देशों के चलते अतिक्रमण से मुक्त कराया जाने को लेकर 1 दिसम्बर 2019 से शुरू हुये अपने आदेश में भी उल्लेखित किया गया था। मगर वह आदेश भी मात्र कागजों तक ही सीमित होकर गया था जिसके चलते आज भी यह तालाब अतिक्रमण की चपेट में होने के कारण मात्र एक हरैया जगह में दिखाई देने से नही चूक रहा है? क्योंकि जिला कलेक्टर द्वारा बीते हुये 27 नम्बर 2019 को आदेश जारी करते हुये निर्देश दिये गये थें उसमें कार्यालय जिला कलेक्टर भू अभिलेख द्वारा आदेश पत्र जारी किया गया था जिसमें उल्लेख था कि जिले में स्थित शासकीय भूमियों का सीमांकन माह दिसम्बर 2019 में कराये जाने का निर्णय लिया गया था तथा यह सीमांकन कार्य समय सीमा में संपन्न कराये जाने हेतु टीमों का गठन गठन करते हुये यह टीमे शासकीय भूमियों का सीमांकन करते हुये चिन्हित करने के साथ साथ उस भूमि को सुरक्षित करने के लिये कंक्रीट के खम्बे या फिर अन्य किसी व्यवस्था के माध्यम से सुरक्षित करेगी। वही जहां पर यदि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाया जाता है उस अतिक्रमण को हटाने के लिये तुरंत कार्यवाही करते हुये अतिक्रमण मुक्त किया जावेगा। इस तरह एक माह तक चलने वाली इस मुहिम में इस टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहने के आदेश जारी किये गये थें? मगर लगभग चार वर्ष पहले जारी किया गया यह आदेश मात्र कागजों की खानापूर्ति की भेंट चढ़कर रह गया है जिसके चलते आज भी शासकीय भूमि अतिक्रमणकारियों के कब्जे में दिखाई देने से नही बच पा रही है। इतना ही नही अनेक जगहों पर यह हाल देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा सरकारी भूमियों पर कब्जा करते हुये नलकूप खोदकर सरकारी भूमि पर फसल पैदा करते हुये देखे जा रहे है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों के चलते अधिकारियों की मौजूदगी में स्कूली बच्चों ने बुधवार को पुराने कालेज खेल मैदान पर किया कार्यक्रमों का अभ्यास

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर सामूहिक रूप से आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा ध्वजा रोहण किया जाता है तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुये मार्च फास्ट किया जाता है। यह संपूर्ण आयोजन नगर पालिका प्रशासन के साथ साथ अन्य प्रशासिनक अधिकारियों की देखरेख में आयोजित होता है। इस कार्यक्रम में नगर के निजी व शासकीय स्कूलों के बच्चों द्वारा भाग लेते हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य प्रकार के व्यायामों का प्रदर्शन किया जाता है। वही दूसरी ओर इस आयोजन के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाली शिक्षण संस्थाओं को पुरूस्कृत किया जाता है। वही दूसरी ओर साल भर के दौरान अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों द्वारा किये जाने वाले उल्लेखनीय कार्य के चलते उनका सम्मान किया जाता है। इस तरह हर साल के भांति इस वर्ष भी आयोजित होने वाले इस आयोजन की नगर पालिका प्रशासन द्वारा बडे ही जोर शोर से तैयारियाँ की जा रही है तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर बुधवार को नगर की निजी व शासकीय संस्थाओं के छात्र छात्राओं द्वारा अनुविभागीय अधिकारी कलावती व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के आलवा अलग अलग स्कूलों से आये हुये प्राचार्यो की मौजूदगी में अभ्यास किया गया। बताया जाता है कि जिन शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्राओं का अभ्यास संतोष जनक रहता है उन्ही संस्थाओं का गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिये चयन किया जाता है। इस तरह चयन प्रक्रिया के तहत अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## वर्किंग मॉडल के सजीव प्रदर्शन से पाये पुरस्कार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** बुधवार को राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा प्रदत्त निर्देश अनुसार जिला परियोजना समन्वयक आर पी चतुर्वेदी तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटैल के मार्गदर्शन में जनपद शिक्षा केंद्र चीचली के अधीनस्थ सभी शासकीय माध्यमिक शालाओं के छात्र छात्राओं के द्वारा लघु नाटिका, सेमिनार, सोलो सॉंग प्रतियोगिता सहित विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण एवं भूगोल विषय पर आकर्षक वर्किंग मॉडल एवम पोस्टर की प्रदर्शनी जनपद पंचायत चीचली के सभागार कक्ष में लगाई गई। बताया जाता है कि इस प्रदर्शनी में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जनपद शिक्षा केंद्र के बीएसी अरुण दुबे, सत्यम ताम्रकार, अनूप पालीवाल, संजय सोनी द्वारा विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, पर्यावरण के वर्किंग मॉडल, पोस्टर इत्यादि का अवलोकन करते हुए छात्र-छात्राओ को मार्गदर्शन सहित सराहना की गई। विकासखंड चीचली अधीनस्थ माध्यमिक शालाओं से आये छात्र-छात्राओं द्वारा, सेमिनार, सोलो सांग, पर्यावरण गीत, नारी सशक्तिकरण, कंप्यूटेशनल सोच, स्थानीय गीत, प्रदूषण, गणितीय मानक वातावरण सुरक्षा, स्वच्छता, औषधि मानव हृदय, सौरमंडल, संचार एवं परिवहन, खिलौना टेलीफोन , रोड सेफ्टी, जैविक खेती, बुंदेली गीत, प्रश्न मंच, पाचन तंत्र, ज्वालामुखी, संतुलित आहार, वृत्त-वर्ग की अवधारणा, मध्य प्रदेश एवं जिलों के डायग्राम, लघुत्तम समापवर्त्य, सेमिनार, भाषण, पवन चक्की, चंद्रयान 3, नदी प्रदूषण, प्रकाश संश्लेषण, सूर्यग्रहण चंद्रग्रहण के मॉडल तथा बाजरे के महत्व को बताया गया। वही सात सदस्यीय निर्णायक मंडल अंतर्गत अनूप पालीवाल, अमर सिंह चौधरी, संजय सोनी, रुक्मणी ठाकुर, अंकिता सक्सेना, सोनल पटेल, सुमंत्रा विश्वकर्मा द्वारा विभिन्न आयामो के अंतर्गत विद्यार्थियों का आकलन किया गया। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक छात्र-छात्रा को उत्साहवर्धन हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। परिणाम डाटा संकलन का कार्य शिक्षक मन्नालाल पटले, गिरीश ताम्रकार एवं दीपक चौरसिया द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी सह मेला आयोजन में एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव, शिक्षक गिरीश ताम्रकार, मनीष सोनी, रामकुमार कौरव, सत्यम ताम्रकार, कैलाश कहार का सक्रिय योगदान रहा। अब विकासखंड स्तर से प्रदर्शनी में चयनित विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रदर्शनी सह मेले में अपनी सहभागिता देंगे। प्रतियोगिता का सफल मंच संचालन सत्यम ताम्रकार एवं गिरीश ताम्रकार द्वारा किया गया।



### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कन्या नवीन स्कूल में बेटियों का सम्मान, प्रोत्साहन व सम्मान बेटी शिक्षा का आधार स्तंभ



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समाज सेवा में सदा ही आगे रहने के साथ कन्याओं का पूजन करते हुये आर्शीवाद लेकर कार्य की शुरूआत करने वाले समाज सेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा कन्या दिवस के मौके पर कन्याओं का सम्मान करने में पीछे नही रहे। बताया जाता है कि बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर गाडरवारा नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेडिया ने पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा पहुंचकर शाला समय उपरांत प्रार्थना सभा मे 42 उत्कृष्ट बेटियो का सम्मान कर उन्हें जरूरी सामग्री आदि प्रदान कर बेटियो से आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर शाला परिवार की अन्य बेटियो को भी लेखन सामग्री प्रदान कर उपस्थित सभी शिक्षको का सम्मान रुद्राक्ष की माला पहनाकर कर किया । इस मौके पर बसेड़िया ने कहा कि समाज मे बेटियों के प्रोत्साहन के लिये उन्हें सम्मानित करने की ज़रूरत है। बेटियो को संदेश देते हुए कहा कि आप सोशल मीडिया से दूर रहकर आत्मनिर्भर बनकर पढ़ाई में उच्च स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। क्योंकि कन्या ही देश के भविष्य का आधार स्तभ है। वैसे भी देखा जावे तो बालिकाओं अब अपने माता पिता के ऊपर बोझ नही रही है। बेटिया भी बेटों की तरह अपने माता पिता के साथ नगर, देश व प्रदेश का नाम रोशन करते हुये देखी जा रही है। इस मौके पर शिक्षक विक्रम शर्मा, उत्तम वर्मा, रामनारायण उपाध्याय, इंद्रजीत ताराम ,मनोज उपाध्याय,राजेश गुप्ता , मीना पटेल, श्वेता सेन,दीप शिखा शुक्ला, रचना सक्सेना, संध्या पटले,आभा श्रीवास्तव ,सोनम साहू,अनुज जैन, के साथ एन सी सी ऑफीसर भावना राजपूत सहित सेवा कालीन प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षण में शामिल रहे बीएसी संदीप स्थापक, पवन राजोरिया, माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटेल ,जनशिक्षक अवधेश पटेल मौजूद थें।

### न्यू ऐज पब्लिक स्कूल में मनाया गया राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** बच्चों को पुस्त क का ज्ञान देने के साथ साथ हमारी संस्कृति अवगत कराने के लिये शिक्षण न्यूज ऐज पब्लिक स्कूल द्वारा समय समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर की जानी मानी शिक्षण संस्था न्यू एज पब्लिक स्कूल में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को बड़े धूमधाम से मनाया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजन से हुआ। वही कार्यक्रम में कक्षा छठवीं



से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुये शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। वही इस कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियाँ जैसे भाषण , ड्रामा एवं छोटी-छोटी नाटिकाऍं , गायन एवं नृत्यों को पेश किया। कार्यक्रम में बच्चों ने राज्याभिषेक वाले श्री राम , वनवासी श्री राम , हनुमान जी एवं शबरी के अलावा अन्य वेशभूषाओं में खुद को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन सभी शिक्षकों की भागीदारी से हो पाया। कार्यक्रम में स्कूल की सचांलिका श्रीमती आशा शाह , श्रीमती आयुषी शाह , प्राचार्या श्रीमती बिल्किस हुसैन एवं उप प्राचार्य मधुकांत श्रीवास्तव मौजूदगी में संपन्न हुआ।

## निर्मल घोषित ग्राम पंचायतों की गलियों में फैला रहा कीचड़ का साम्राज्य, ग्रामवासी हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत की मुहिम चलाते हुये संपूर्ण देश में स्वच्छता अभियान चलाते हुये शहरों से लेकर पंचायतों को भी स्वच्छता के नाम पर राशि प्रदान करते हुये गांव को स्वच्छ बनाने की पहल की जा रही है तो दूसरी ओर सरकार द्वारा जिन ग्राम पंचायतों के लिये निर्मल घोषित किया गया है उन्हें स्वच्छता के नाम पर अतिरिक्त धनराशि भी प्रदान की जा रही है। मगर देखा जा रहा है कि शासन द्वारा लगातार राशि खर्च किये जाने के बाद भी जब गांवों की सच्चाई देखी जा रही है कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर अपने आप की ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि पंचायत में बैठे हुये जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते जिस प्रकार से ग्राम पंचायतों में कीचड़ का साम्राज्य देखने मिल रहा है उसे देखते हुये यह बात उजगार होने से इसलिये नही चूक पा रही है कि शायद इन पंचायतों का तो भगवान ही मालिक है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है। जहां पर ग्राम पंचायतों के अंदर सड़कों पर फैले हुये कीचड़ के साम्राज्य के चलते जहां पंचायतों की उदासीनता उजागर होने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर नालियों की साफ सफाई नही होने से नालियों का गंदा पानी सड़को पर बहते हुये देखा जा रहा है। इस तरह से सड़को पर फैल रही कीचड़ के चलते ग्रामवासियों को परेशानियों से जूझते हुये भी देखा जा रहा है। क्योंकि सड़को पर फैली हुई कीचड़ के चलते आमजन सहित मासूम बच्चों को आने जाने में परेशान होना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से कीचड़ व गंदगी से भरी पड़ी हुई सड़को से जहां अनेक प्रकार के मच्छर जन्म लेते हुये देखे जा रहे है उसके चलते लोगों का जिना मुश्किल होने से भी नही चूक पा रहा है? क्योंकि इस प्रकार से सड़को पर फैल रही गंदगी के चलते जहां अनेक प्रकार के मच्छर जन्म ले रहे है जिसके चलते बीमारियाँ फैलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। वही दूसरी ओर यह सच्चाई सरकार के स्वच्छता अभियान को भी ग्रहण लगाने से नही चूक पा रही है?

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
नर्सरी से कक्षा छठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.-7224021199 Ph.-07791-299077 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंध के बावजूद मांस विक्रय करने पर पुलिस ने किया मामला दर्ज



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** जहां पूरे देश में राममय में लोग लीन हैं और इस दिन दीपावली के त्यौहार के रूप में मनाया जा रहा है साथ ही मांस मदिरा की दुकान भी पूर्णतः बंद रही लेकिन शहपुरा नगर स्थित उमरिया रोड में मांस दुकान सद्दाम मंसूरी के द्वारा कपड़े के आड़ में दुकान चालू रखा था और मांस विक्रय कर रहा था जिस पर हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक्शन में आते हुए मांस दुकान मौके पर पहुंचकर तत्काल दुकान को बंद करवाये साथ ही शहपुरा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया गया। आपको बता दे कि राम भक्ति में डूबा हुआ था पूरा शहपुरा नगर गत दिवस अयोध्या मे भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जहा सभी स्थानो पर हर्ष उल्लास का वातावरण था वही गत दिवस मध्य प्रदेश सरकार द्वारा यह अपील की गई थी कि की मांस मछली मटन की दुकाने पूर्णतया बंद रखे जाने के निर्देश दिये गये थे वही हारून मसूरी के पुत्र सद्दाम मंसूरी व्दारा उमरिया रोड मे स्थित स्वय की मटन दुकान से मांस विक्रय किया जा रहा था जिसके बाद मामले का वीडियो वायरल हुआ और मामला जब हिंदवादी सगठनो तक पहुचा और उनकी शिकायत के बाद स्थानीय पुलिस ने आरोपी सद्दाम मसूरी के विरूध्द धारा 188 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

### स्वर्ण जयंती पर पूर्व छात्र सम्मेलन का हुआ आयोजन



**शहपुरा।** डिण्डौरी के शहपुरा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के द्वारा विद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती पर पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया गया। इस आयोजन में 1973 से गत वर्ष तक के 50 बैचों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। पूर्व आचार्यों और प्रबंध कार्यकारिणी का पूर्व छात्र परिषद ने सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान 1973 से अब तक के पूर्व छात्रों का स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। पुराने छात्रों ने अपने विद्यालयीन समय के अनुभव साझा किए। पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने बताया कि विद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिससे कि सभी पुराने छात्र विद्यालय के साथ जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा एवं तरोताजा कर सकें। पूर्व छात्र परिषद कार्यकारिणी के पदाधिकारी एडवोकेट गोपाल गुप्ता ने कहा कि हम सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्रों ने स्वर्ण जयंती वर्ष को यादगार बनाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिससे विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके छात्र-छात्राएं मिलकर अपनी स्मृतियों को साझा कर सकें। और विद्यालय के विकास में सहभागी बनें। हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राएं अनेक उच्च पदों पर हैं साथ ही विदेशों में भी रहकर सरस्वती शिशु मंदिर का नाम रोशन कर रहे हैं।

### डूब क्षेत्र में खेती करने, व्यर्थ बहा रहे बांध का पानी

**अमरपुर।** अमरपुर जलाशय के नाम पर निर्मित भाखा जलाशय जिसके अंदर खेती की जाती है जिसके लिए बांध का पानी खाली कर रहे हैं और जब किसानों को सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता होती है तब पानी नहीं मिल पाता जिसमें सबसे ज्यादा परेशान अमरपुर के किसानहोते हैं जब भी सिंचाई की आवश्यकता होती है डूंगरिया गांव के नहर बंद कर आगे पानी नहीं आने देते जबकि नहर से सिंचाई का नियम है कि पहले नहर के अंतिम छोर के किसानों को पानी देने का प्रावधान है अमरपुर की मुख्य नहर में विभाग द्वारा विगत 1 साल से सीमेंटी कारण किया जा रहा है जो आज दिनांक तक पूर्ण नहीं किया जा सका है।

# शिक्षा और संविधान हमें अधिकार ज्ञात कराता है- कलेक्टर

## मुख्यालय में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा, विभागों ने लगाई प्रदर्शनी

तहसील एवं जनपद मुख्यालय बजाग में बीआरसी मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।




इस अवसर पर विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम की जिले की नोडल अधिकारी और दिल्ली से भारत सरकार की प्रतिनिधि श्रीमति नेहा वर्मा, जिला कलेक्टर विकास मिश्रा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी विमलेश सिंह, बजाग जनपद अध्यक्ष फूलकली बाई, जप. उपाध्यक्ष राधेश्याम कुशराम, प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुवात कन्या पूजन व मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। पंडित दीनदयाल योजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा इकहत्तर महिला स्वसहायता समूहों को स्वरोजगार के हेतु बतौर एक करोड तीन लाख रुपए प्रदान किए गए। इसके अलावा हितग्राहियों को लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र, उज्ज्वला योजना से महिलाओ को गैस कनेक्शन, किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ, सिलाई मशीन, जनमन योजना योजना के तहत आवास तथा संबल योजना का हितलाभ प्रदान किया गया। बारहवीं कक्षा में जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रथम छात्रा शिल्पी सोनी, द्वितीय प्रांचल राय को मंच से सम्मानित किया गया।आयोजन में विभिन्न विभागों ने अपने विभागीय स्टाल लगाए गए। श्री अन्न मिलेटस, वनधन विकास केंद्र, जनपद शिक्षा केंद्र, रेवा प्रोजेक्ट, मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, लूम बुनकर कंपनी के द्वारा विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई एवं नलजल योजना के तहत जलजीवन मिशन, विद्युत विभाग ने जनसमस्या निवारण शिविर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम दीदी की पाठशाला के स्टाल लगाए गए। मंचसीन अतिथियों के समक्ष कन्या शिक्षा परिसर एवं उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओ के द्वारा विविध शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि समय बदल गया है शिक्षा के स्तर को बढ़ाना होगा, जिसमे होगा दम वही राजा बनेगा। हर वर्ग जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करे, देश को समृद्ध बनाने हेतु खेती को बढ़ावा देने की बात भी कलेक्टर के द्वारा कही गई। कलेक्टर ने रामायण की दो पंक्तिया रामकाज करे बिना कहा मोहे विश्राम कहकर लोगो को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की बात कही।पीएमओ नेहा वर्मा ने नारी शक्ति के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की । और कहा कि आज के युग में द्रोपदी को बचाने कोई कृष्ण नही आयेगा बहनों को अपनी रक्षा खुद ही करनी होगी। आत्म निर्भर बनना होगा। पीएमओ ने उपस्थित लोगो को भारत को विकसित बनाने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजेश्वर साहू,राजेंद्र दुबे, दिगंबर पाठक,प्रमोद साहु, उत्तम साहू,यशवंत साहू, कैलाश मरावी, कमलेश पटेरिया,मुरारी साहू,सरपंच शंकर धुर्वे बीआरसी बृजभान सिंग गौतम, बीईओ तीरथ परस्ते, धनेश परस्ते मौजूद रहे।



## जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय डिंडोरी में 23जनवरी को अमर बलिदानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के बहुचर्चित कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा थीम पर आधारित जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात प्राचार्य आर एस उलाड़ी एवं अतिथि नंदिनी गरेवाल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस की फोटो पर मल्यार्पण और पुष्पांजलि करके की गई। विद्यालय में बालवाटिका के बच्चों द्वारा मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का अभिनंदन किया । प्राचार्य आर एस उलाड़ी ने सभी अतिथियो एस्कॉर्ट शिक्षकों और विभिन्न विद्यालयों से पधारे प्रतिभागियों का औपचारिक स्वागत किया। कला शिक्षक अमित कुमार ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। मंच से कन्या शिक्षा परिसर की छात्रा अंजुलता मरावी को आर्ट किट प्रदानकर कार्यक्रम को गति प्रदान की। प्रतियोगिता प्रातः 10बजे से 12बजे तक आयोजित की गई। इसमें प्रथम स्थान खुशी नामदेव केंद्रीय विद्यालय, द्वितीय स्थान आराध्या जैन केंद्रीय विद्यालय, तृतीय स्थान रुक्मणि सिंह उत्कृष्ट विद्यालय, चतुर्थ स्थान धरा मरावी केंद्रीय विद्यालय और पांचवा स्थान आर्यव मानिकपुरी जवाहर नवोदय विद्यालय ने प्राप्त किया। प्राचार्य आर एस उलाड़ी ने सभी प्रतिभागियो को उनके बेहतरीन प्रदर्शन और तनाव मुक्त होकर जीवन जीने का हुनर सिखाया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर से उपेंद्र कुमार श्रीवास, उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी से त्रिवेणी मिश्रा, मॉडर्न इंड्लिश स्कूल से मनीषा शुक्ला और सुरेखा बर्मन, कन्या शिक्षा परिसर से दीपक बुद्धे, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय से प्रीति हल्दकार और रानू पटेल, एंजेल पब्लिक स्कूल से अविनाश मानिकपुरी सहित केन्द्रीय विद्यालय से अरुण कुमार, विश्वास मिश्रा, हरीश बहोरिया, प्रिंस कुमार प्रीति नेमा, सौरभ मिश्रा, अनीता यादव मेघा शर्मा, डिंपल गोस्वामी सहित सभी स्टॉफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन सूर्य प्रताप सिंह ने किया।

## आरईएस विभाग से बने 22 लाख का तालाब का मामला

### जलजली तालाब निर्माण कार्य का भुगतान अटका-मटेरियल सप्लायर परेशान

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।



जनपद पंचायत मेंहदवानी के ग्राम पंचायत खजरवारा के ईमली टोला में आरईएस विभाग द्वारा लगभग 22 लाख रुपए की लागत से विगत 2021-22 में स्वीकृत जलजली तालाब का निर्माण कार्य कराया गया है जिसका भुगतान मटेरियल सप्लायर को आज दिनांक तक नहीं किया गया है जिससे मटेरियल सप्लायर परेशान है। जानकारी के अनुसार तत्कालीन उपयंत्री फिरोज खान द्वारा मटेरियल सप्लायर को गुमराह किया जा रहा है। मटेरियल सप्लायर का कहना है कि उपयंत्री द्वारा उन्हें कभी गाड़ासरई कभी डिंडौरी कभी शहपुरा तो कभी जबलपुर बुलवा लिया जाता है परंतु कुछ न कुछ बहाना बनाकर टाल दिया जाता है। समय पर भुगतान नहीं होने से कर्जदार हो गया हूं।

#### जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई गुहार

जलजली तालाब निर्माण में मां गायत्री मटेरियल सप्लायर संतोष साहू ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर डिंडौरी विकास मिश्रा से मटेरियल भुगतान कराये जाने की गुहार लगाई है। मटेरियल सप्लायर द्वारा मंगलवार को ही ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग डिंडौरी में भी आवेदन पत्र देकर मटेरियल भुगतान किए जाने की मांग की गई है। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग संभाग डिंडौरी के कार्यपालन यंत्री राजेन्द्र सिंह धुर्वे से जानकारी चाही गई परन्तु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

#### इनका कहना है

मेरे द्वारा मटेरियल सप्लायर से प्राप्त बिलों को आवश्यक कार्रवाई के बाद आरईएस विभाग में जमा कर दिया गया है जिसका भुगतान विभाग द्वारा किया जाएगा।

**-फिरोज खान उपयंत्री**

**केन्द्रीय विद्यालय में जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता संपन्न**

## अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा पर क्षेत्र में हुए कई कार्यक्रम

**मेंहदवानी ।** मेंहदवानी में कलशयात्रा के साथ भगवान राम की निकाली शोभायात्रा,जय श्री राम के जयकारों से गूंजा मेंहदवानी क्षेत्रअयोध्या में 500 वर्षों के लम्बी प्रतीक्षा के बाद सोमवार को भगवान श्रीराम जी के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जनपद पंचायत मुख्यालय मेंहदवानी तथा नजदीकी ग्राम सारसडोली कठौतिया सहित समूचे क्षेत्र में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर मेंहदवानी के सहना टोला में हनुमान मंदिर में रविवार से संगीतमय अखंड श्रीराम धुन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसका समापन सोमवार को विशाल भंडारे के साथ किया गया। भगवान श्री राम के



प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेंहदवानी सारसडोली तथा कठौतिया को दुल्हन की तरह सजाया गया था। शासकीय अशासकीय भवनों तथा निजी भवनों को लाईट झालर से सजाया गया था इसके साथ ही भगवा ध्वज सभी घरों तथा दुकानों में लगाए गए। मुख्यालय मेंहदवानी में दोपहर को भर्रा टोला से विशाल कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा बीच टोला, बाजार चौक से बस स्टैंड होते हुए हनुमान मंदिर सहना टोला में समाप्त हुआ। भगवान श्री राम जी की शोभायात्रा के साथ कलशयात्रा में छोटी बच्चियों के साथ महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा में शामिल श्रृद्धालुओं ने जमकर आतिशबाजी की और बैंड-बाजा तथा डीजे में जमकर ठुमके लगाए। शोभायात्रा सह कलशयात्रा में जय श्री राम के जयकारे गूंजते रहे जिससे पूरा वातावरण राममय हो गया। भगवान श्री राम के शोभायात्रा सह कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए समाजसेवियों ने जगह जगह स्वल्पाहार तथा पानी इत्यादि की व्यवस्था की गई थी। सोमवार की शाम से सभी घरों में दीपावली की तरह दिये जलाए गए थे जिसके चलते क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठा। मेंहदवानी, सारसडोली, कठौतिया, कुटरई,सरसी,गांजर टोला सहित अन्य ग्रामों में भगवान श्री राम जी की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम धुन कीर्तन का आयोजन किया गया और शोभायात्रा निकाली गई।

## सामाजिक समरसता के पूरोधा भगवान श्री राम पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी



शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी में शनिवार को प्राचार्य डॉ शशिकांत चन्देला के मार्गदर्शन में ₹सामाजिक समरसता के पूरोधा भगवान श्री राम₹ विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष के रंगीला यादव प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम वर्ष के शिव नारायण धूमकेती द्वितीय स्थान एवं बी.ए. द्वितीय वर्ष की आरती कछवाहा तृतीय स्थान हासिल किए। निबन्ध प्रतियोगिता कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ गौरी सिंह परते, सुश्री माया कनासे, अतिथि विद्वान श्रीमती संध्या सिंह, श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## पुलिस थाना मेंहदवानी में शांति समिति की बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

पुलिस थाना मेंहदवानी में शनिवार को आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा बताया गया कि अयोध्या में भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यालय मेंहदवानी के हनुमान मंदिर में रविवार से अखंड संगीतमय श्री रामधुन कीर्तन का आयोजन किया गया है जिसका समापन सोमवार को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। सोमवार को मेंहदवानी में महिलाओं द्वारा विशाल कलशयात्रा निकाली जाएगी जो भर्रा टोला से प्रारम्भ होकर बीच मोहल्ला, बाजार चौक,बस स्टैंड होते हुए हनुमान मंदिर में जाकर समाप्त होगा। इसी तरह ग्राम कठौतिया में भी कलशयात्रा व शोभायात्रा निकाली जाएगी। सारसडोली में भी अखंड श्री रामधुन एवं कलशयात्रा निकाली जाएगी। शांति समिति की बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल साहू,सांसद प्रतिनिधि दुर्गेश साहू, समाजसेवी मुस्ताक खान,नायब तहसीलदार मेंहदवानी सुखमन सिंह कुलेश, उपनिरीक्षक मनोज त्रिपाठी, उपनिरीक्षक बी एल वरकड़े,सहा उपनिरीक्षक सुनील पटैल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जंगल और जानवरों से वाकिफ हुये स्कूली बच्चे, प्रकृति संरक्षण की ली शपथ

### पद्मश्री अर्जुन सिंह की उपस्थिति में दक्षिण समनापुर रेंज में अनुभूति कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।



सामान्य वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र दक्षिण समनापुर में दो चरणों में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में वन ग्राम धुरकुटा, अजगर,ढाबा, कंहारी, रंजरा, बंजरा,दामी तितराही के स्कूली बच्चे शामिल हुये।वन मंडल अधिकारी साहिल गर्ग के निर्देशन और उप वन मंडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह जाटव के मार्गदर्शन में वन पर्यटन स्थल डगौना वीट क्रमांक 577 और वीट क्रमांक 567 में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय के 120 से अधिक विद्यार्थियों के साथ साथ विद्यालय के शिक्षकगण और वनग्राम के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

अनुभूति कार्यक्रम के प्रथम चरण में अनुभूति कार्यक्रम के उद्देश्य,सयुंक्त वन प्रबंधन,वन विभाग की कार्यशैली, प्राकृतिक वातावरण में बच्चों को पक्षी दर्शन, विभिन्न प्रकार के वृक्षों की पहचान और उनके वैज्ञानिक नाम तथा औषधीय गुण की जानकारियाँ प्रदान की गई और संरक्षित वन्य जीव को किसी प्रकार से हानि नही पहुंचाने की हिदायत भी दी देकर प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलाई गई।वन अमले ने जंगली हाथियों के व्यवहार की जानकारी देकर वन्य जीवों की उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने संबंधी अन्य संकेतों, आवाज और चिन्हों से बच्चों को अवगत कराया गया।इसके अलावा बच्चों और उपस्थित जनों की जंगलों और वन विभाग से संबंधित शंकाओं का समाधान किया गया।आयोजन के द्वितीय चरण में चित्रकला प्रतियोगिता, एवं जैव विविधता से जुड़े सवाल जबाब के माध्यम से बच्चों के कौशल का परीक्षण किया गया एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।इस दौरान छात्रों को मकड़जाल, दीमक की बामी, सूखे कटे हुए ठूठ की उपयोगिता, पक्षियों व कीटों का महत्व, जैव विविधता व पारिस्थिति तंत्र की जानकारी प्रदान की गई। वन क्षेत्र का भ्रमण कराते हुए विद्यार्थियों को यहां प्राणियों के विचरण क्षेत्रों में पाई जाने वाली पेड़ों की प्रजातियों को पहचानने के तरीके,पक्षियों व जानवरों की आवाज निकालकर, उनकी पहचान करना भी सिखाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सीखी गई जानकारी की प्रस्तुति भी दी।कार्यक्रम में पद्मश्री प्राप्त अर्जुन सिंह,सरपंच कंहारी सुकलु सिंह धुर्वे, रेंजर रेवा सिंह परस्ते,डिप्टी रेंजर अजय मुकुंद पोल,राजेन्द्र मार्को,तुलसी राम यादव,वन रक्षक विपिन उइके, जगदीश पड़वार,इंद्र सिंह पट्टा सहित तमाम वन अमला मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### 'विधानसभा स्तरीय बैठक आज'

**तेंदूखेड़ा-** लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए नर्मदा पुरम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आज 25 जनवरी को दोपहर 2 बजे, से श्री लीला पैलेस, राजमार्ग चैराहा पर नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के प्रभारी दीपक जोशी पूर्व विधायक संजय शर्मा लोकसभा चुनाव के विधानसभा प्रभारी दिग्विजय सिंह (डबली भैया), जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत संगठन मंत्री संदीप पटेल एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र तेंदूखेड़ा के समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसजनों, जिला, ब्लाक, मंडलम, सेक्टर, सेवादल, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, छै..न.प. सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे।

### विविध धार्मिक कार्यक्रमों का अयोजन

**करेली ।** विगत दिवस आयोध्या में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा समाहरो उत्सव के उपलक्ष में ग्राम पिपरिया बरोदिया में दिनांक 15 जनवरी से 22 जनवरी तक संगीतमय रामधुन प्रभात फरी, कलश यात्रा, सभी धार्मिक स्थलो की स्वछता अभियान एवं साज सज्जया की गई एंव धार्मिक स्थलो पर आरती, सुदरपाठ, सामुहिक हनुमान चालिसा, रामायण जी का पाठ, रामसत्ता का आयोजन किया गया। 22 जनवरी दोप 03 बजे से भव्य शोभा यात्रा रामदरवार झाकी के साथ निकाली गई शाम को ग्राम के सभी धर्मिक स्थालो पर दिप प्रज्वलित कीये गये उपरोक्त कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों सहित मात्रशक्ति की भी शोभा यात्रा मै कलश सहित अपनी उपस्थिति दी। पूरा ग्राम पूरे जोस के साथ राम भक्ति में लीन होकर जयश्रीराम के नारो से गुज उठा सभी ग्राम वासियो ने भी अपने अपने घरों में दिप जालाकर राम जी की प्राण प्रतिष्ठा समाहरो को मनाया।

### पांच दिवसीय सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण


**तेंदूखेड़ा-** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशान में उत्कृष्ट विद्यालय चाँवरपाठा में 24 से 28 जनवरी तक पांच दिवसीय सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ है। जिसमें व्यावसायिक उन्नयन अंतर्गत माध्यमिक शिक्षकों को कक्षा छटवीं से आठवीं तक दो चरणों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रथम चरण में सामान्य शिक्षण शास्त्र एवं एनईपी 2020 की जानकारी पर आधारित पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण दिया जा रहा है और द्वितीय चरण में विषय बार पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से दक्ष होकर आए मास्टर ट्रेनर्स डीआईजी ताराचंद चैधरी, राममनोहर दुवे, अनुरुद्ध श्रीवास्तव, सुरेश जाटव द्वारा उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### शशि माते का निधन



**करेली ।** नगर के प्रतिष्ठित माते परिवार के राजू माते की धर्मपत्नी शशि माते, योगी माते, सनी और राहुल माते की माता विमल, ब्रजेश, उमेश माते की बड़ी भाभी का लंबी बीमारी के चलते स्वर्गवास हो गया है जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम करेली में किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की ।

### नही रही सिया बाई श्रीवास्तव



**नरसिंहपुर ।** गत दिवस ग्राम करकबेल निवासी श्रीमति सिया बाई श्रीवास्तव का बीमारी के चलते निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम करकबेल मे किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आप सुनील श्रीवास्तव की माताजी व पत्रकार नरेन्द्र श्रीवास्तव की नानी थी ।

## करेली पुलिस की कार्रवाई

# जैन मंदिर से मूर्ति चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर/ करेली ।



बीते दिनो थाना क्षेत्र करेली अंतर्गत नगर के निरंजन वार्ड निवासी सुनील कुमार जैन पिता सुरेन्द्र कुमार जैन रिर्पोट दर्ज कराई गई थी की 05/01/23 की दरमियानी रात जैन मंदिर शुभम कालोनी निरंजन वार्ड से कोई अज्ञात चोर द्वारा आदिनाथ भगवान की जर्मन सिल्वर से बनी मूर्ति बेशकीमती साईज 09 इंच पहचान चिन्ह बैल का चिन्ह बजनी लगभग 10 किलो , चंद्रप्रभु भगवान अष्ट धातु की मूर्ति बेशकीमती साईज 09 इंच पहचान चिन्ह चंर्द्मा का चिन्ह वजन 10 किलो , शांतिनाथ भगवान अष्ट धातु की मूर्ति बेशकीमती साईज 09 इंच पहचान चिन्ह हिरन का चिन्ह वजनी 10 किलो , भगवान महावीर स्वामी अष्ट धातु की मूर्ति बेशकीमती साईज 07 इंच वजनी 8 किलो पहचान चिन्ह सिंह का निशान , सिंहासन चाँदी का वजनी लगभग 500 ग्राम संपूर्ण मूर्ति सिहासन का कुल वजन 38 किलो 500 ग्राम एवं सिहासन चाँदी का चोरी करने पर थाना करेली में अपराध क्र 26/24 धारा 457, 380 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

उक्त घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, नागेन्द्र पटेरिया अति. पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति मोनिका तिवारी सहित वरिष्ट अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शानुसार घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों की तलाश हेतु निरीक्षक आशीष धुर्वे , उनि अभिषेक जैन, उनि लाल मोहन दीवान , प्र आर 394 कुलदीप, प्र आर 190 शिवकुमार, आर 427 राजेश बागरी ,163 यमन बागरी, आर 541 सुदीप ठाकुर, आर 693 अभिषेक पटेल, आर 236 अमित यादव, आर 717 रोहित बारोलिया, फिंगरप्रिंट शाखा नरसिंहपुर से उनि रामकृष्ण बघेल आर 16 अंकित सिंह एवं साइवर सेल मे पदस्थ उनि प्रिसीं साहू, उनि रुही ज्योतिषी, आरक्षक- अभिषेक सूर्यवंशी, धारा सिंह की टीम का गठन कर मामले की सतत समीक्षा की गई ।

अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 10000 रूपये के इनाम की घोषणा की गयी थी सभी टीमों द्वारा अपना- अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्र की गई व तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदेही योगेन्द्र उर्फ पिल्लू पिता महेन्द्र झाँझा (कंजर) निवासी धानीघाटी थाना हाटपिपल्या जिला देवास म प्र की मामले में संलिप्तता पाये जाने से आरोपी की तलाश हेतु टीम थाना प्रभारी करेली निरी आशीष धुर्वे के नेतृत्व में जिला देवास को रवाना की गयी जो टीम द्वारा कंजरों के डेरे धानीघाटी डेरा जिला देवास ,औड डेरा थाना सोनकच्छ एवं धतूरिया डेरा थाना टोंग खुर्द जिला देवास , रुलकी थाना बेरछा जिला शाजापुर में संदेही योगेन्द्र झाँझा एवं अन्य संदेहिया की तलाश की गई ।पुलिस द्वारा लगातार रेड कार्यवाही के दवाव वश आरोपी योगेन्द्र झाँझा के साथियों द्वारा दिनांक 16.01.24 को चोरी गयी भगवान महावीर की मूर्तियों को करेली राजकुमार जैन के खेत में रख दी गयी उक्त आधार पर संदेहिया की विवेचना एवं मुखबिर की सूचना से संदेही विनायक बिल्थरे पिता रामनाथ बिल्थरे उम्र 24 साल निवासी देवरी जिला सागर एवं गोविंद कोष्ठी पिता प्रहलाद कोष्ठी उम्र 27 साल निवासी गिन्ना साडी शोरुम के पास खंडेरा वार्ड देवरी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी जिन्होने जुर्म स्वीकार करते हुए दिनांक 05.01.24 की दरमियानी रात में योगेन्द्र झाँझा निवासी देवास के कहने पर संयुक्त रुप से भगवान महावीर की मूर्ति को चोरी करना बताये जिसमें सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर न्यायालय पेश किया गया एवं घटना में प्रयुक्त कटर एवं ग्राइनडर मशीन आरोपियों के कब्जे से जप्त की गयी ।

आरोपी योगेन्द्र झाँझा के विरुध्द थाना गौरझामर जिला सागर में अपहरण , लूट की धाराओ के प्रकरण पंजीबध्द है इसके अलावा आरोपी योगेन्द्र के विरुध्द थाना हाटपिपलिया जिला देवास में चोरी के दो प्रकरण एवं आबकारी एक्ट के तहत एक प्रकरण दर्ज है । संपूर्ण कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी थाना करेली निरीक्षक आशीष धुर्वे एवं उनकी टीम द्वारा लगातार देवास , शाजापुर के अलग अलग कंजरों के डेरे में दबिश दी जाकर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त टीम को उदघोषित इनाम की राशि देने की घोषणा की गयी है ।




# पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विगत दिवस शासकीय हाई स्कूल खापा शेड में शेर इको क्लब के तत्वाधान में पर्यावरण को बचाने के लिए लाइफ शपथ दिलाई गई। जिसके अंतर्गत शपथ दिलाई गई कि पर्यावरण को बचाने के लिए दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाने का प्रयास करुँगा। अपने परिवार,मित्रों और अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत रूप से प्रेरित करूंगा। वही प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार बक्सी ने इको क्लब के बारे में सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात विद्यालय परिसर में पॉलीथिन उन्मूलन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य शैलेंद्र कुमार बक्सी, इको क्लब प्रभारी ओंकार गोस्वामी, शिक्षक गेंदालाल काछी, अभिषेक नेमा, प्रीति धुर्वे साहित समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मनोज जाट को पीएचडी की उपाधि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** ग्राम कपूरी निवासी मनोज पटेल जाट सहायक प्राध्यापक पद पर माखनलाल चतुवेर्दी विश्व विद्यालय भोपाल में पदस्थ हैं। इन्होने पी एचडी इन मीडिया-से की है। जागरण लेक सिटी विश्वविद्यालय - से डॉ शिव मिश्रा के अधीन यह उपलब्धि हासिल की है। मनोज पटेल जाट जिला जाट समाज सभा के सचिव लाल साहब जाट के सुपुत्र हैं।

# सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज - करेली ।




नव जागृति मंडल, एनजेएम इंग्लिश स्कूल द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर मंडल का स्थापना दिवस कैलाश सोनी राज्यसभा सांसद की गरिमामय उपस्थिति में मनाया गया। इस मौके पर सुभाष मैदान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर संस्था सदस्यों व स्थानीयजनों ने माल्यार्पण पुष्पांजलि की। संस्था का ध्वजारोहण उपाध्यक्ष महेश चौरसिया ने किया। इस मौके पर एनजेएम स्काउट दल, सीएम राइज बैंड दल के साथ रैली निकाली गई व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिवीर ठाकुर निरंजन सिंह की जयंती पर निरंजन चौक पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। स्थापना दिवस के अवसर एनजेएम इंग्लिश स्कूल द्वारा विविध सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं प्रतिभाओं को पुरस्कार वितरण का समारोह महात्मा गांधी महाविद्यालय उप प्राचार्य एके वाजपेयी के मुख्य आतिथ्य, हरिदास नेमा की अध्यक्षता, जगदीश मिश्रा, पार्षद-अनिल दुबे, ज्योति जैन के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। सरस्वती पूजन व नेताजी सुभाषचंद्र बोस के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। मुख्य वक्ता कैलाश सोनी राज्यसभा सांसद ने नेताजी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय आंदोलन में किए उत्कर्ष का उल्लेख किया गया। आरंभ में प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता व्दारा कराया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला एवं हमें उनके जीवन से देश को देने की प्रवृत्ति सीखने की बात कही गई। इस अवसर पर संस्था के विनोद नेमा, सतीश जैन, मुन्नालाल नामदेव, नीरज लूनावत, मनमोहन राठोर सहित प्रज्ञा लूनावत, रानी ओसवाल, अमितेन्द्र नारोलिया, डा प्रताप पटेल, जितेन्द्र गुप्ता हेमकरण मेहरा, राजीव तिवारी, नागरिक गण व अभिभावक गण एवं बच्चों की उपस्थिति रही वंदेमातरम गान से कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रोहित तिवारी व्दारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अजय अग्रवाल,प्रीति दुबे, राजश्री स्वामी, आरती वर्मा, रचना चौकसे, मुस्कान पटेल, निकिता कुर्मी, श्वेता साहू, आरती स्वामी, रामजी पटेल का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# बालिका दिवस के अवसर पर किया बच्चियों को सम्मानित




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी के अवसर पर बेटी बचाओ- बेटी पढाओं योजनांतर्गत 19 जनवरी से 24 जनवरी 2024 तक विविध गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ- बेटी पढाओ शपथ ग्रहण समारोह ,सीएसआर बाल संरक्षण, बालिकाओं के कौशल विकास के महत्व, खेल को बढ़ावा देने, बाल- विवाह रोकने, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बालिका सप्ताह की समाप्ति पर कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कक्ष में बालिका दिवस समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस मौके पर अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी, श्रीमती लतावान, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और प्रतिभागी और उनके परिजन मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व कन्या कन्या पूजन कर किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह ने कहा कि बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रदान की जाये,लिंग भेद नहीं हो। बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाये। कार्यक्रम में हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कर बेटी बढाओ- बेटी बचाओ योजना का संदेश दिया। एमएलबी स्कूल की क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि बालिकाओं के विकास में खेल का भी विशेष महत्व है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने बालिकाओं के लिये शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में खो- खो प्रतियोगिता में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली एमएलबी विद्यालय की 03 छात्राओं एवं जिले की कक्षा 10 वीं में मैरिट आने वाली 13 छात्राओं को सम्?मानित किया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सभी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी लोकल चैंपियनों को पौधे भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक श्रीमती चन्द्रिका सोनी व आभार प्रदार्शन पर्यवेक्षक श्रीमती नीरजा वर्मा ने किया।



## वेटलैंड दिवस पर पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

**नरसिंहपुर ।** विगत दिवस स्थानीय सी.एम. राइस शासकीय एसडीएम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वेटलैंड दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी द्वारा की गई। सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता संदेश दिया गया एवं अतिथियों एवं विद्यालय स्टॉफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए जीवन उपयोगी औषधीय पौधो के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा द्वारा छात्राओं को वेटलैंड दिवस पर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उक्त अवसर पर विद्यालय की ईको क्लब प्रभारी श्रीमती माधुरी गर्ग सहित समस्त स्टॉफ मेम्बर्स एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

# गर्म कपड़ों का वितरण



तेंदूखेड़ा

इन दिनों पढ़ रही कड़ाके की सर्दी को दृष्टिगत रखते हुए जन जागरण सेवा समिति के माध्यम से आदिवासी बाहुल्य ग्राम मदनपुर में 100 से अधिक निर्धन वर्ग के लोगों को कंबलों का वितरण किया गया जिसमें नगर के वरिष्ठ नरेंद्र नायक सुनील जैन रवि नामदेव कोमल नामदेव सहित बड़ी संख्या में सेवा भावी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## 'मुनिराज ससंघ का तेंदूखेड़ा पहुंचनें पर हुआ जोरदार स्वागत'



तेंदूखेड़ा

बुधवार के अलसुबह मदनपुर तरफ से तेंदूखेड़ा पहुंचे दिगम्बर जैनाचार्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विधासागर जी महाराज के जेष्ठ शिष्य निर्यापक श्रवण मुनि श्री समय सागर जी महाराज मुनिश्री प्रशस्त्र सागर जी, मुनिश्री मल्लि सागर जी महाराज ससंघ का सकल दिगम्बर जैन समाज एवं तेंदूखेड़ा के सभी वर्गों के लोगों ने छोटे छोटे बच्चों महिलाओं ने भी जोरदार स्वागत किया तथा जगह जगह पाद प्रक्षालन कर आरती उतारी गई। काफी लंबे समय बाद मुनि श्री तेंदूखेड़ा में पधारे हुए हैं। मुनिश्री समय सागर जी महाराज के आहार महीष मोदी के निवास पर हुये।जैन समाज में हर्षमय वातावरण बना हुआ है।गुरुवार को भी 21 मुनि संघ का तेंदूखेड़ा में मंगल आगमन हो रहा है।

### आम सूचना

शपथ कर्ता श्रीमती कीर्ति बाई पति कृष्ण कांत नगरिया उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम इमझिरा तहसील तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर नोटरी महोदय के समक्ष शपथपत्र के माध्यम से शपथ प्रस्तुत करती हैं कि श्रीमती कीर्ति बाई का विवाह के पूर्व मंजू लता पिता अवध किशोर नाम था। विवाह के उपरांत उसका नाम कीर्ति बाई पति कृष्ण कांत नगरिया हो गया है। दोनों नाम एक ही महिला के है। उसने अपना शपथपत्र पोस्ट आफिस में कीर्ति बाई के नाम से ही खाता खोलने हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया है।

श्रीमती कीर्ति बाई पति कृष्ण कांत नगरिया ग्राम इमझिरा तहसील तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर